## प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन को कारण बताओ सूचना-पत्र जारी

रतलाम ● नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटें बंद पाए जाने व बंद लाइटों की निर्धारित प्रारूप में जानकारी प्रतिदिन प्रस्तुत नहीं किए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा प्रभारी सहायक यंत्री एवं प्रभारी प्रकाश विभाग एम.के. जैन को एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने हेतु कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा श्री जैन को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी टीम के साथ प्रतिदिन सायं 06:00 बजे से 09:30 बजे तक शहर में भ्रमण कर प्रकाश व्यवस्था चैक करें व भ्रमण व बंद लाइटों की जानकारी निर्धारित प्रारूप में प्रतिदिन प्रस्तुत करें, किन्तु श्री जैन द्वारा प्रतिदिन भ्रमण ना करने व जानकारी प्रस्तुत नहीं करने तथा 16 सितम्बर को शहर के अनेक क्षेत्रों में लाईटे बंद पाई जाने पर एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने हेतु कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

स्वदेश - 6

स्वदेश 17/9/21

**आमजन परेशान: कई कॉलोनियों में नाली का गंदा पानी**

# एक घंटे तक आफत की बारिश

## चेतावनी के बाद भी नहीं जागा जिम्मेदार नगर निगम


पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com


रतलाम. डिजास्टर मैनेजमेंट विभाग की रतलाम को लेकर एक दिन पूर्व भारी बारिश की चेतावनी शनिवार को सही साबित हुई। शाम 5 बजते बजते भारी बारिश की शुरुआत हुई जो एक घंटे तक एक जैसी झमाझम आफत की बारिश के रुप में बरसती रही। शर्मनाक यह जिम्मेदार नगर निगम के अधिकारियों ने इस चेतावनी को गंभीरता से लिया ही नहीं, बल्कि शहर को अपने हाल पर छोड़ दिया। इसके बाद शहर की करीब 40 कॉलोनियों में बारिश के पानी के साथ साथ गंदी नाली का पानी भी घूस आया।

बता दे कि शुक्रवार को ही डिप्टी रिलीफ कमीश्नर ने चेतावनी सूचना जारी कर दी थी। जिन जिलों के लिए इसको जारी किया गया था, इसमे रतलाम भी शामिल था। शनिवार दोपहर से आसमान में काले बादल उमड रहे थे। इसके बाद यह तय हो गया था कि शाम तक तेज बारिश होगी। शाम 5 बजे करीब जो बारिश शुरू हुई तो एक घंटे तक जारी रही। इस दौरान मोचीपुरा से लेकर प्रतापनगर तक कई कॉलोनियों में गंदी नाली का पानी बारिश के साथ घूस गया। इतना ही नहीं दो बत्ती से लेकर सैलाना रोड की कृषि उपज मंडी तक सड़क पानी में ही डूब गई। इसके बाद देर शाम तक आमजन घर में आए पानी को निकालने का जतन करता रहा।



### चेतावनी को नहीं लिया गंभीरता से

शासन द्वारा जारी चेतावनी को जिम्मेदारों ने गंभीरता से लिया ही नहीं, बल्कि शहर को अपने हाल पर छोड़ दिया। इसके बाद दो बत्ती पर बन रहे सिटी फोरलेन पर बड़ा गड्ढा हो गया, जिसमे कई वाहन बार बार फंसते रहे व सड़क जाम होती रही। अच्छी बात यह रही बिजली कंपनी ने साथ दिया व शहर में उजाला कायम रहा।

### सड़क पर बह निकला पानी

शहर के सैलाना रोड स्थित मंडी से लेकर मोचीपुरा तक पानी ही पानी हो गया। मोचीपुरा में तो नाला उफान पर आ गया। प्रतापनगर से लेकर घांस बाजार व नौलाईपुरा में पानी जमा हो गया। कई दिन बाद बारिश का पानी सड़क पर इस तरह से बहा।

### दो बत्ती पर हुई परेशानी

शहर के दो बत्ती रोड पर सबसे अधिक परेशानी बारिश के दौरान हुई। यहां बारिश से बड़ा गड्ढा हो गया। इसके बाद कई वाहन इसमे फंसते हुए निकले। बारिश का पानी होने की वजह से यह किसी को दिखा भी नहीं। ऐसे में जो भी अपना वाहन लेकर आया, उसको दचका लगा। इसके बाद लोग अव्यवस्था को कोसते हुए निकले।



### बाइक से करमदी का नाला पार करने के दौरान युवक बहने से बचा, बाइक बही



समीपस्थ गांव करमदी के पास से बहने वाला नाले में शनिवार की शाम करीब पौने सात बजे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। गांव के पूर्व सरपंच मोहन भूरिया का पुत्र सूरज भूरिया 25 अपनी बाइक सहित उफनते नाले को पार करने की कोशिश करने लगा। बीच में आकर वह बाइक सहित बहने लगा तो उसने बाइक छोड़ दी। गनीमत यह रही कि बाइक छोड़ने के बाद उसका संतुलन बन गया और किनारे पहुंच गया। करमदी नाला कम गहरा है और इस पर बनी रपट भी काफी छोटी तथा नीची है। थोड़ी सी बारिश के दौरान इस पर काफी पानी आ जाता है। करमदी विकास समिति के जितेंद्र राव का कहना है कि नाले की रपट को ऊंचा करने के लिए पिछले कई सालों से जिला प्रशासन से मांग की जा रही लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मुख्यमंत्री की जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान भी ग्रामीणों ने यह मांग रखी थी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आश्वासन भी दिया था किंतु आज भी वही स्थिति है।

पत्रिका

पत्रिका 19/9/21

# विधायक श्री चैतन्य काश्यप द्वारा रतलाम जिला चिकित्सालय में ऑक्सीजन प्लांट लोकार्पित

रतलाम । जिला चिकित्सालय में शुक्रवार को प्रातः विधायक श्री चैतन्य काश्यप द्वारा 500 लीटर क्षमता का ऑक्सीजन प्लांट लोकार्पित किया गया। लोकार्पण अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर, श्री गोविंद काकानी, श्रीमती अनिता कटारिया, श्री प्रदीप उपाध्याय, श्री शैलेंद्र डागा, श्री बजरंग पुरोहित, श्री अशोक पोरवाल, श्री कृष्ण कुमार सोंनी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए विधायक श्री काश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर रतलाम जिला चिकित्सालय में ऑक्सीजन प्लांट की सौगात मिली है। रतलाम जिले में विगत समय में वृहद स्तर पर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। सभी के संयुक्त प्रयासों से जिले में कोरोना पर नियंत्रण पाया गया है। डेंगू के प्रकोप के दृष्टिगत मरीजों की सुविधा के लिए प्लेटलेट्स सेपरेशन मशीन चालू होने जा रही है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में की गई व्यवस्थाओं का भी जिक्र किया। श्री काश्यप ने कहा कि जिला चिकित्सालय का अपना एक अलग महत्व है। बीमार होने वाला व्यक्ति जिला चिकित्सालय को देखकर उम्मीद रखता है कि उसका बेहतर उपचार होगा। श्री काश्यप ने बताया कि जिला चिकित्सालय में 300 बेड व्यवस्था का प्रस्ताव गया है, शीघ्र स्वीकृति मिलने वाली है। आने वाले दिनों में एक अत्याधुनिक नवीनीकृत रूप में जिला चिकित्सालय देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि रतलाम मेडिकल सुविधाओं के मामले में अग्रणी सिद्ध हो रहा है। आने वाले दिनों में 500 लीटर क्षमता का एक और ऑक्सीजन प्लांट बाल चिकित्सालय तथा एमसीएच के लिए स्थापित किया जाने वाला है। कार्यक्रम में श्री गोविंद काकानी ने भी संबोधित किया। संचालन श्री दुष्यंत पुरोहित ने किया। इसके पूर्व विधायक श्री काश्यप द्वारा फीता काटकर ऑक्सीजन प्लांट लोकार्पित किया गया। अब जिले में चार ऑक्सीजन प्लांट कार्यरत है।



स्वदेश ज्योति 19/9/21

मेडिकल कॉलेज में लगी एलाइजा मशीन

# डेंगू, चिकनगुनिया सहित अन्य तरह की जांच में होगी सुविधा

रतलाम @ पत्रिका. जिला अस्पताल के साथ ही अब मेडिकल कॉलेज की माइक्रोबायोलाजी लेबोरेटर में भी डेंगू, चिकनगुनिया सहित अन्य बीमारियों की जांच की सुविधा उपलब्ध हो जाएंगी। इन बीमारियों की जांच के लिए एलिसा एलाइजा मशीन मेडिकल कॉलेज में इंस्टाल कर दी गई और टेक्नीशियनों को इसका प्रशिक्षण भी दे दिया गया है।

मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता और सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रफुल्ल सोनगरा ने बताया लेब में गुरुवार को एलाइजा मशीन इंस्ट्रलेशन का हो गया। सर्विस इंजीनियर ने मशीन के टेसर की ट्रेनिंग डॉ. तथा टेक्निशियन को दी है।

इसके साथ ही लेब में डेंगू जांच किट भी प्राप्त हो गई। कुछ कंज्यूमेबल किट की जरुरत है जो आगामी एक या दो दिन में कॉलेज को मिल जाएगी। इसके बाद संभवतः सोमवार से मरीजों के सेंपल लेकर डेंगू की जांच शुरू कर दी जाएगी। पत्रिका

पत्रिका 19/9/21

70 घरों में लार्वा मिला

# शहर में डेंगू के 320 मरीज

## नगर निगम का दवा छिड़काव का दावा

रतलाम @ पत्रिका. शहर में शनिवार तक डेंगू के कुल 320 मरीज सामने आए हैं। डेंगू एलाइजा टेस्ट करने के बाद 320 मरीजों में डेंगू पाया गया है। इन सब के बीच शहर में नगर निगम प्रतिदिन डेंगू को समाप्त करने के लिए दवा का छिड़काव करने का दावा कर रहा है। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी ननावरे के अनुसार शनिवार को कुल 40 मरीजों की जांच की गई। इनमे 5 मरीजों में डेंगू पाया गया है। जनवरी से अब तक 1356 मरीजों की जांच की गई है। इनमे से 1036 मरीजों में डेंगू नहीं पाया गया। 70 घरों में लार्वा मिला जिनको दल ने समाप्त किया है।

पत्रिका

पत्रिका 19/9/21

# झमाझमा बरसे मेघ: इस साल पहली बार 10 सेमी खोला धोलावाड़



पत्रिका मानसून

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** शहर की पेयजल व्यवस्था के मुख्य स्रोत धोलावाड़ जलाशय इस बारिश में पहली बार फुल लेवल पर भराया है। पानी की लगातार आवक बनी रहने से 18 सितंबर को पहली बार इसका एक गेट दस सेंटीमीटर खोलकर पानी का लेवल मेंटेन किया जा रहा है। बीती रात और सुबह क्षेत्र में लगातार बारिश की वजह से पानी की दोपहर में धोलावड़ डेम में पहुंचा जिससे इसका स्तर एकदम बढ़ने से गेट खोलना पड़े। सिंचाई विभाग के सहायक यंत्री एके मिश्रा ने बताया डेम में पानी की आवक पर लगातार नजर रखे हुए हैं।

धोलावाड़ जलाशय का उच्चतम लेवल 395 मीटर है। इस लेवल पर यह डेम पूरा भर जाता है। बारिश के दिनों में डेम में 394.50 मीटर पर पानी आ जाए और पानी की आवक लगातार बनी रहने की स्थिति में इसकी मानिटरिंग की जाती है। यदि लेवल तेजी से बढ़ने लगता है तो फिर डेम का एक गेट पांच या दस सेंटीमीटर खोला जाता है। इससे लेवल मेंटेन हो जाता है तो कोई बात नहीं लेकिन लेवल मेंटेन नहीं होता है और बढ़ता जाता है तो दूसरे गेट भी इतना ही खोला जाता है।

## शहर के पेयजल और सिंचाई के लिए अहम

धोलावाड़ डेम का निर्माण खासतौर से रावटी क्षेत्र में सिंचाई के लिए किया गया था। इसके बाद शहर की पेयजल की आवश्यकता को देखते हुए इससे पानी लेना शुरू किया गया तो आज यह शहर की पेयजल व्यवस्था का मुख्य आधार है। इसी डेम से रावटी क्षेत्र में सिंचाई भी की जाती है। पहली प्राथमिकता शहर की पेयजल व्यवस्था करना है। गर्मी के दिनों में धोलावाड़ से सिंचाई व पेयजल दोनों के लिए पानी लेने से इसका लेवल काफी नीचे पहुंचने पर तो जेकवेल से पानी लाते हैं।


## पिछले साल

| दिनांक |
| --- |
| 30 अगस्त |
| 31 अगस्त |
| 07 सितंबर |
| 10 सितंबर |
| 20 सितंबर |

धोल

धोलावड़ की कुल ऊंचाई
15
मीटर

पत्रिका 19/9/21



# कोरोना टीकाकरण अभियान में लक्ष्य के करीब लगाया गया नमो टीका

## विधायक काश्यप ने टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर किया प्रोत्साहित

रतलाम । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 71 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा एवं समर्पण अभियान के तहत? भारतीय जनता पार्टी द्वारा रतलाम जिले में नमो टीका लगवाया गया। इसमें प्रत्येक बूथ पर 111 टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया था। विधायक चेतन्य काश्यप ने रतलाम में चल रहे टीकाकरण अभियान के दौरान कालिका माता स्थित टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर क्षेत्रवासियों को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित किया। श्री काश्यप ने टीकाकरण कराने आई वृद्ध महिला का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी से बचाव के लिए टीकाकरण के बाद भी जागरूक रहना आवश्यक 'है। आमजन मास्क का उपयोग लगातार कर कोरोना गाईडलाईन का पालन करें। जिला टीकाकरण प्रभारी गोविन्द काकानी ने बताया कि रतलाम में लक्ष्य के करीब नमो टीका लगाया गया है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया, जिला उपाध्यक्ष सुनील सारस्वत, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, महामंत्री राकेश परमार, पूर्व पार्षद भगतसिंह भदोरिया, हार्दिक मेहता आदि मौजूद रहे।

कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत? अंबेडकर मंडल में गांधी नगर स्थित कंकू मंत्रम , मांगलिक भवन पर 100 प्रतिशत के उपर नमो टीका लगाया गया। मंडल अध्यक्ष करणधीर्य बड़गोत्या ने क्षेत्रवासियों को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया। जिला टीकाकरण प्रभारी गोविन्द काकानी ने टीकाकरणकेन्द्र पहुंचकर शत प्रतिशत टीकाकरण होने पर हर्ष व्यक्त किया। भाजपा जिला मंत्री श्रीमती सोना शर्मा भी उपस्थित रही।

स्वतंत्र - 19

स्वतंत्र रतलाम 19/9/21

यूनियन से लेकर निगम आयुक्त को दिया मांग पत्र

# द्वारका रेसीडेंसी : रेल कर्मचारी बोले करेंगे चक्काजाम

मनमर्जी का निर्माण

द्वारका रेसीडेंसी का गड़बड़झाला



रतलाम. द्वारका रेसीडेंसी के निर्माण करने वालों द्वारा की गई गड़बड़ को पत्रिका द्वारा लगातार उजागर करने के बाद अब सैलाना यार्ड में रहने वाले कर्मचारी भी अपने हक के लिए जागृत हो गए है। यहां के रहवासियों ने शनिवार को रेल संगठन वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन सहित नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को अपना मांग पत्र सौपा है। इसमे इस बात का उल्लेख किया गया है कि उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे इंदौर रतलाम बांसवाड़ा सड़क मार्ग पर चक्काजाम करेंगे।

रेल कर्मचारियों ने बताया द्वारका रेसीडेंसी के निर्माण के समय जो वादे निर्माण करने वाले ने किए थे, वो अब तक एक भी पूरे नहीं हुए है। ऐसे में अब उनके सामने आंदोलन करने के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचा है।

## यह लिखा है मांग पत्र में

- द्वारका रेसीडेंसी निर्माण के समय सैलाना यार्ड आने जाने की सड़क खराब हो गई थी, उसको तुरंत सुधारा जाए।
- द्वारका रेसीडेंसी निर्माण करने वाले ने वादा किया था वो सड़क सुधारकर देगा, लेकिन अब तक यह नहीं हुआ, अब मानसून में कीचड़ हो गया है, इससे परेशानी हो रही है।
- सैलाना यार्ड के रास्ते में अंधेरा रहता है। इससे आने जाने में समस्या होती है।

द्वारका रेसीडेंसी निर्माण से सैलाना यार्ड में रहने वाले रेल कर्मचारी व उनके परिजन प्रभावित हुए है। इन्होंने मांग पत्र दिया है। इनकी समस्या गंभीर है। इस मामले में पहले निवेदन व सुनवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। - **नरेंद्रसिंह सोलंकी,** सहायक मंडल मंत्री, वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन

पत्रिका 17/7/21

वृक्ष काटने वालों पर कार्रवाई की मांग

# एक वृक्ष की व्यथा...मुखर हुई शहर की जनता

**जिम्मेदारों के बोल, कहावत मैं डाल-डाल...की ओर**

लगातार



पत्रिका

प्रकाशित खबर।

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** शहर के दो बत्ती रोड के पुलिस थाना के बेहद करीब एक हरे-भरे वृक्ष को काटने की व्यथा ने जनता को मुखर कर दिया है। कानूनी जानकारों से लेकर आम शहरी तक जिम्मेदारों की अनदेखी पर हतप्रभ हैं। वर्षाकाल के दौरान तो पौधों को रोपा जाता है, लेकिन रतलाम शहर के जिम्मेदार अफसरों ने कहावत में डाल-डाल...पर चलते हुए मामला दबा दिया। शहर की जनता ने पूरे मामले की जांच, वृक्ष की कटाई की अनुमति देने और देश की सबसे बड़ी अदालत से आए एक निर्णय के बाद इस पर अमल को लेकर संदेश दिए हैं।

## यह तो कानूनन अपराध

शहर में इस तरह एक हरे-भरे वृक्ष को काटना और उसके बाद इस कृत्य को दबाना अपराध की श्रेणी में आता है। पूर्व की सूचना पर हमने नगर निगम से इस संबंध में सवाल भी किए थे, लेकिन वे कुछ नहीं बता पाए। आखिर हरे-भरे वृक्ष को काटने की अनुमति कैसे और कहां से मिली। देश की सबसे बड़ी अदालत ने भी साफ कहा है कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों पर सख्त कार्रवाई होना चाहिए। एक वृक्ष को काटने पर 10 नए वृक्ष तैयार करने की व्यवस्था है, लेकिन उक्त स्थल का तो एक भी नया पौधा नजर नहीं आ रहा है। नगर निगम अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता, वृक्ष को काटने वालों पर कार्रवाई होना चाहिए, हम अपने स्तर पर भी इस संबंध में शिकायत दर्ज कराएंगे। - **अदिति दवेसर,** वरिष्ठ अभिभाषक एवं राजनीतिक प्रतिनिधि

## शहर की जनता के कमेंट...जरा बाहर निकलो साहब

यह किस तरह का विकास है, प्राणवायु के दाता पर प्रहार, क्या वृक्ष को काटने वाले पर कार्रवाई होगी।
**- किशोर शकरवाल** टेलिफोन नगर

ऐसे तो पूरे शहर को ही उजाड़ दिया जाएगा, नेता रोज पौधा लगाते है, लेकिन उसे बचाने का जिम्मा किसका है।
**- संजय व्यास,** श्रीमालीवास

वृक्ष को काटने वालों पर कार्रवाई नहीं हुई तो बाजार में वृक्ष नजर नहीं आएंगे। **- अशोक जैन,** महूरोड

सरकार पेड़ लगाने का आव्हान कर रही है और रतलाम शहर में लोग पहले से लगे पेड़ों को काट रहे है, वाह भाई।
**- अजय पाटीदार,** पंचशील नगर

रतलाम नगर निगम के अधिकारी खुद ही पेड़ कटवा रहे है, जब हरे पेड़ काटे नहीं जा सकते तो अनुमति क्यों दी।
**- मयूर वर्मा,** जवाहरनगर

## नगर निगम को अधिकार

पौधा हो या वृक्ष इनको काटने से संबंधित सभी अधिकार नगर निगम को दे दिए गए हैं। मामले में निगम से ही कार्रवाई की जाना है।
**- अभिषेक गेहलोत,** एसडीएम रतलाम शहर

**(वृक्ष की व्यथा पर शहर के कई नागरिकों के कमेंट मिले है, यहां चुनिंदा ही प्रकाशित किए जा रहे हैं)**

## जांच कर रहे

मीडिया के माध्यम से जानकारी सामने आई है, जांच कर रहे हैं। **- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम रतलाम

पत्रिका 19/9/21

# कार्यक्रम स्थगित

**रतलाम** ● समस्याओं को लेकर प्रति शनिवार को नगर निगम सभागृह में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा आयोजित जनशिकायत निवारण कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया। पता चला है कि जनशिकायत के लिए लोग नगर निगम पहुंच गए थे, लेकिन उन्हें बाद में पता चला है कि आज कलेक्टर उपस्थित नहीं होंगे, अतएव जनशिकायत निवारण कार्यक्रम भी नहीं होगा।

स्वदेश - 5

स्वदेश 19/7/21

# विधायक ने टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर किया प्रोत्साहित

प्रसारण न्यूज • रतलाम



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 71 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा एवं समर्पण अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी द्वारा रतलाम जिले में नमो टीका लगवाया गया। इसमें प्रत्येक बूथ पर 111 टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया था। विधायक चेतन्य काश्यप ने रतलाम में चल रहे टीकाकरण अभियान के दौरान कालिका माता स्थित टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर क्षेत्रवासियों को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित किया।

श्री काश्यप ने टीकाकरण कराने आई वृद्ध महिला का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी से बचाव के लिए टीकाकरण के बाद भी जागरूक रहना आवश्यक है। आमजन मास्क का उपयोग लगातार कर कोरोना गाईडलाईन का पालन करें। जिला टीकाकरण प्रभारी गोविन्द काकानी ने बताया कि रतलाम में लक्ष्य के करीब नमो टीका लगाया गया है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया, जिला उपाध्यक्ष सुनील सारस्वत, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, महामंत्री राकेश परमार, पूर्व पार्षद भगतसिंह भदोरिया, हार्दिक मेहता आदि मौजूद रहे।

कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत अंबेडकर मंडल में गांधी नगर स्थित कंकू मंत्रम, मांगलिक भवन पर 100 प्रतिशत के उपर नमो टीका लगाया गया। मंडल अध्यक्ष करणवीर्य बड़गोत्या ने क्षेत्रवासियों को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया। जिला टीकाकरण प्रभारी गोविन्द काकानी ने टीकाकरणकेन्द्र पहुंचकर शत प्रतिशत टीकाकरण होने पर हर्ष व्यक्त किया। भाजपा जिला मंत्री श्रीमती सोना शर्मा भी उपस्थित रही।

प्रसारण 19/9/21

**तीन माह में दूसरी बार दिया दस दिन का समय, डीआरएम बोले इसी माह हटाएंगे**

# मानसून में तोड़ने गए अतिक्रमण, भीड़ देखकर भाग गया पुलिस जवान

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** रेलवे भूमि पर अवैध रुप से वर्षो से कब्जा किए हुए शिवशंकर कॉलोनी के 60 आवास को मानसून में तोड़ने रेलवे का दल चला गया। नाराज रहवासियों ने मंदसौर रोड पर चक्काजाम कर दिया। रेलवे ने सिटी पुलिस की मदद मांगी थी, स्टेशन रोड थाने से एक जवान भेजा जो भीड़ देखकर भाग गया। इसके बाद रेलवे ने अभियान को दस दिन का समय देकर स्थगित कर दिया।

बता दे कि रेलवे का दल तीन माह में दूसरी बार आधी अधूरी इच्छाशक्ति के साथ अतिक्रमण हटाने पहुंचा, लेकिन हस्तक्षेप व दबाव के बाद दस दिन का समय देकर लौट आया। रेलवे की भूमि पर शिवशंकर कॉलोनी के रहवासी करीब 50 से अधिक वर्षों से कब्जा किए हुए हैं। यहां रहने वाले परिवारों को शहर विधायक चेतन्य काश्यप के सहयोग से डोसीगांव में प्रधानमंत्री आवास योजना में फ्लैट का आवंटन किया गया है। यहां रहने वालों का आरोप है कि जहां उनको आवास दिए गए है वहां पर बिजली का अभाव है। इसके अलावा पर्याप्त सफाई से लेकर पेयजल की परेशानी है। इसलिए ही वे वहां नहीं जा रहे है।



## दस दिन का समय दिया

शिवशंकर कॉलोनी से अतिक्रमण हटाने दल गया था। पर्याप्त पुलिस बल का अभाव था। इसलिए दस दिन का समय बारिश को देखते हुए दिया गया है। इसी माह अतिक्रमण दल हटाएगा।

**- विनीत गुप्ता,** रतलाम डीआरएम

पत्रिका 19/9/21

थैंक यू मानसून • अब साल भर के जलप्रदाय की बेफिक्री, शाम 4.45 बजे से तेज बारिश, औसत के लिए 2.44 इंच की जरूरत

# इस सीजन में पहली बार धोलावड़ के गेट खुले

भास्कर संवाददाता | रतलाम

प मानसून को थैंक-यू बोल सकते
दरअसल मानसून की विदाई से
ने ही 93% कोटा पूरा हो गया है,
सालभर का कोटा पूरा होने के
2.44 इंच बारिश की जरूरत
धोलावड़ डेम लबालब हो गया
शाम तक दो गेट खोले गए।
शनिवार सुबह तक डेम में
.90 मीटर पानी आ गया था।
बारिश की संभावना बनी हुई
ऐसे में धोलावड़ डेम का एक
खोला गया। रात तक डेम का
गेट भी आधा मीटर खोल
गया। डेम की क्षमता 395
है। 2018 के बाद ऐसा हुआ
जब सितंबर में गेट खुले हैं।
क अन्य साल में ज्यादातर
त में गेट खुल जाते हैं। 2018
ट नहीं खोले गए थे, इसके
2019 और 2020 में अगस्त
डेम के गेट खोलना पड़े थे।
के मानसून काल में इस
अगस्त के महीने में ही डेम
खोलने पड़े थे।

## 93 प्रतिशत औसत पूरा, शहर में कुल 33.70 इंच, आज भी बारिश के आसार

इधर, बारिश का दौर शाम 4.45 बजे से शुरू हुआ, जोकि 6 बजे तक जारी रहा। शाम 5.30 बजे तक 10 मिमी पानी बरसा। इधर, 24 घंटे में जिले में 7.7 मिमी बारिश हुई, सबसे ज्यादा आलोट में 22 मिमी बारिश दर्ज की गई। जिले में अब तक 33.70 इंच बारिश हो चुकी है, जो कुल कोटे का 93.22% है। सालभर की कुल बारिश 36.15 इंच है।

**तापमान में सिर्फ 4.6 डिग्री का अंतर :** शहर में शनिवार को सुबह व दोपहर में बारिश होने से मौसम में ठंडक हो गई। दिन और रात के तापमान में सिर्फ 4.6 डिग्री का ही अंतर रहा। अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री व न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री दर्ज किया गया।



शनिवार को धोलावड़ डेम का एक गेट खोला गया। फोटो-हिम्मत लखेरा (रावटी)

### धोलावड़ के गेट कब-कब खोले

- 2015 में 26 जुलाई को जलस्तर 394.60 मीटर तक पहुंचने पर
- 2016 में 4 अगस्त को
- 2017 में 22 अगस्त को
- 2018 में गेट नहीं खोले थे।
- 2019 में 27 अगस्त को
- 2020 में 30 अगस्त को
- 2021 में 18 सितंबर को

### इस सीजन में इस तरह बढ़ा डेम का जलस्तर

| | |
|---|---|
| 1 जून | 384.50 |
| 30 जून | 384.10 |
| 1 जुलाई | 383.95 |
| 31 जुलाई | 388.90 |
| 1 अगस्त | 389.00 |
| 31 अगस्त | 391.55 |
| 1 सितंबर | 391.60 |
| 18 सितंबर | 1 गेट खोला। |

### महीने के आखिरी तक होती रहेगी बारिश

*आगामी 24 घंटे में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। सिस्टम का असर रविवार तक रहेगा। इसके बाद एक और सिस्टम आएगा। ऐसे में महीने के आखिरी तक बारिश मिलेगी।*

**पीके साहा,**
मौसम वैज्ञानिक, भोपाल

## करमदी की रपट पर बाइक सहित बहा युवक, ग्रामीणों के चिल्लाने पर छोड़ी बाइक तो बचा

रतलाम | शाम को हुई जोरदार बारिश से रतलाम-झाबुआ रोड की करमदी रपट पर पानी आ गया। इससे रास्ता रुक गया तभी शाम 7 बजे रतलाम से करमदी की तरफ जा रहा एक युवक बाइक सहित रपट को पार करने लगा। लोगों ने उसे रपट पार करने का मना भी किया लेकिन उसने एक ना सुनी। वो थोड़ी दूर ही गया तो उसकी बाइक फिसल गई। इससे बाइक सहित वो बह गया। इस पर लोग चिल्लाए बोले बाइक छोड़ो, बाइक छोड़ो तो युवक ने बाइक छोड़ी। इससे वह बच गया। इस रपट पर यह पहली घटना नहीं है। रपट की ऊंचाई कम होने और जोरदार बारिश से इस पर पानी आ जाता है। रपट की जगह पुल बनाने की मांग ग्रामीण 7 साल से कर रहे हैं लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हुई। करमदी विकास समिति के जितेंद्र राव ने बताया कि 2014 में सीएम की जन आशीर्वाद यात्रा निकली थी तो उन्हें रपट बनाने के लिए ज्ञापन दिया था। इसके बाद फिर चुनाव हुए तो फिर इसी रपट से सीएम की जन आशीर्वाद यात्रा निकली तो उस दौरान भी उन्हें ज्ञापन सौंपा था। बावजूद आज तक रपट की जगह पुल नहीं बन पाया है। यदि पुल बन जाए तो इस तरह के हालत नहीं बनेंगे।



बाइक सहित बहता युवक।

भास्कर

दै. भास्कर 19/9/21

# मवेशियों का सड़क पर नहीं सुरक्षित स्थान पर बैठना सुनिश्चित करें

रतलाम। पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री प्रेम सिंह पटेल ने कहा है कि सभी कलेक्टर और पशुपालन विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करें कि राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर मवेशी न बैठें। इससे मवेशियों के साथ ही लोगों का भी सड़क दुर्घटना के प्रति खतरा बढ़ जाता है। श्री पटेल ने पशु चिकित्सा संस्थाओं के प्रभारियों से कहा है कि वे पास के गौ-शालाओं में उपलब्ध गौवंश की सतत निगरानी करें और पशु उपचार की सुविधा समय पर प्रदान करें। सभी गौ-शालाओं में अनिवार्य रूप से सूखा स्थान, भूसे का भण्डारण और स्वच्छ जल उपलब्ध हो। अपर मुख्य सचिव पशुपालन ने सभी जिला कलेक्टरों को जारी पत्र में कहा है कि प्रमुख सड़क मार्ग और शहरी क्षेत्रों के आवारा गौवंश को पास की गौ-शालाओं में स्थानांतरित करने के लिये नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों को निर्देशित करें। गौ-शालाओं में उपलब्ध गौवंश का बारिश के कारण सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। उनके आवास का स्थान सूखा एवं सुविधाजनक हो। संक्रामक बीमारियों से बचाने के लिये गौवंश का टीकाकरण सुनिश्चित करें।

प्रसारण 19/9/21

## 82 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत शनिवार को 82 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर व ट्रैक्टर-ट्राली से 40490, काम्पेक्टर सूखा कचरा 36100, ट्रैक्टर से 5885 किलो इस तरह कुल 82475 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

नईदुनिया 19/9/21

# अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट शुरू

**रतलाम, नप्र।** रतलाम के सरकारी अस्पताल में पांच सौ लीटर क्षमता के आक्सीजन प्लांट का लोकार्पण विधायक चेतन्य काश्यप ने किया।




इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ.आनंद चंदेलकर, गोविंद काकानी, अनिता कटारिया, प्रदीप उपाध्याय, शैलेन्द्र डागा, बजरंग पुरोहित, अशोक पोरवाल, कृष्णकुमार सोनी, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन आदि मौजूद रहे। शहर विधायक काश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर रतलाम जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट की सौगात मिली है। जिले में पिछले समय में बड़े स्तर पर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। सभी की कोशिशों से जिले में कोरोना पर नियंत्रण पाया है। डेंगू के प्रकोप के ध्यान में रखते हुए मरीजों की सुविधा के लिए यहां प्लेटलेट्स सेपरेशन मशीन चालू होने जा रही है।उन्होंने मेडिकल कॉलेज में की गई व्यवस्थाओं का भी जिक्र किया। काश्यप ने कहा कि जिला अस्पताल का अपना एक अलग महत्व है। बीमार होने वाला व्यक्ति अस्पताल को देखकर उम्मीद रखता है कि उसका बेहतर उपचार होगा।

विधायक काश्यप ने बताया कि जिला चिकित्सालय में 300 बेड व्यवस्था का प्रस्ताव गया है जिसे शीघ्र मंजूरी मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सरकारी अस्पताल अत्याधुनिक नये रूप में देखने को मिलेगा। आने वाले दिनों में 500 लीटर क्षमता का एक और ऑक्सीजन प्लांट बाल चिकित्सालय तथा एमसीएच के लिए स्थापित किया जाने वाला है। कार्यक्रम को गोविंद काकानी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन दुष्यंत पुरोहित ने किया।

प्र.भा. 18

प्रभातकिरण 18/9/21

# जलस्रोत लबालब : सीजन में पहली बार खोला धोलावड़ डैम का एक गेट

## आमजन सहित किसान की चिंता दूर, अब तक 850 मिमी पानी बरसा, जिले की सामान्य बारिश 900 मिमी

**रतलाम।** शहर सहित अंचल में रुक-रुककर हो रही रिमझिम-तेज बारिश से मौसम खुशनुमा बना हुआ है। जिला अब कुल सामान्य बारिश से महज दो कदम दूर है। जिले में अब तक 850 मिमी बारिश हो चुकी है। गत वर्ष इस अवधि में करीब 1000 मिमी पानी बरसा था। जिले की कुल सामान्य बारिश 918.3 मिमी और अब तक की 845.2 मिमी है। बीते तीन-चार दिनों से हो रही बारिश से कई जलस्रोतों लबालब होकर छलकने लगे हैं। इससे किसान सहित आमजन की चिंता दूर हो गई है। वर्षाकाल में पहली बार शनिवार दोपहर धोलावड़ डैम का एक गेट खोला गया। डैम में 394.95 मीटर पानी आ गया है।

शनिवार को शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में रुक-रुककर रिमझिम-तेज बारिश होती रही। इससे सड़कें गीली होती रही। सुबह आठ बजे समाप्त हुए बीते चौबीस घंटों के दौरान जिले में 7.7 मिमी पानी बरसा। आलोट तहसील में 22 मिमी, ताल में नौ मिमी, पिपलौदा में 10 मिमी, बाजना में आठ मिमी, रतलाम में पांच मिमी, रावटी में छह मिमी, सैलाना तहसील में दो मिमी पानी बरसा।

जिले में अब तक 856 मिमी बारिश हो चुकी है। गत वर्ष इस अवधि में 997.3 मिमी पानी बरसा था। जिले की आलोट, जावरा व ताल तहसील को छोड़कर शेष सभी तहसीलें गत वर्ष की तुलना में पिछड़ी हुई हैं। आलोट में 38 मिमी, जावरा में 72 मिमी, ताल में 23.8 मिमी ज्यादा बारिश हुई है, वहीं पिपलौदा में 159 मिमी, बाजना में 515 मिमी, रतलाम में 140 मिमी, रावटी में 162.2 मिमी, सैलाना में 287 मिमी पानी कम बरसा है।

### करमदी रपट पर बाइक बही

मूसलधार बारिश के दौरान नदी-नाले उफान पर आ गए। करमदी रपट पर भी दो फीट तक पानी बहने लगा। इस दौरान



क्षमता से अधिक पानी जमा होने पर धोलावड़ डैम का एक गेट खोला गया। ●नईदुनिया

### जिले की तहसीलों में बारिश की स्थिति


| तहसील | अब तक | गत वर्ष की बारिश मिमी |
|---|---|---|
| आलोट | 783.0 | 745.0 |
| जावरा | 1087.0 | 1015.0 |
| ताल | 926.0 | 902.2 |
| पिपलौदा | 719.0 | 878.0 |
| बाजना | 691.0 | 1206.0 |
| रतलाम | 839.0 | 979.0 |
| रावटी | 880.2 | 1043.0 |
| सैलाना | 923.0 | 1210.0 |
| **औसत** | **856.0** | **997.3** |



रतलाम में शनिवार शाम बारिश से जगह-जगह जलजमाव हो गया। ●नईदुनिया



करिया में लगातार बारिश से खेत में पककर तैयार खड़ी सोयाबीन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ●नईदुनिया



पावर हाउस रोड सिटी फोरलेन पर दुकानों तक पहुंचा पानी। ●नईदुनिया

### सिटी फोरलेन बनी तालाब

शहर में शनिवार शाम एक घंटे से अधिक समय तक मूसलधार बारिश हुई। इससे कई समस्याएं निर्मित हो गई।

पावर हाउस रोड सिटी फोरलेन ने तालाब का रूप ले लिया। सिटी फोरलेन से लगे

### धोलावड़ डैम हुआ लबालब

रावटी। प्रतिदिन रतलामवासियों के कंठ तर करने वाला धोलावड़ डैम अब लबालब हो गया है। इससे क्षेत्र के किसानों के चेहरे भी खिल गए हैं। शनिवार को डैम की क्षमता से अधिक

### जल्द पकने वाली सोयाबीन में नुकसान

करिया। क्षेत्र में रुक-रुककर हो रही बारिश जहां रबी के साथ देर से पकने वाली सोयाबीन के लिए भले ही फायदेमंद मानी जा रही है, लेकिन दूसरी ओर पककर तैयार खड़ी (जल्दी पकने वाली) सोयाबीन

इजाफे के साथ-साथ आगामी फसल के लिए अनुकूल साबित होगी। बावजूद खरीफ फसल के लिए वर्तमान में प्रतिकूल मौसम की मार व कीटों के प्रभाव से जहां प्याज व मक्का को नुकसान हो रहा है,

किसानों के अनुसार कुछ दिन यही स्थिति रही तो पककर तैयार खड़ी सोयाबीन के दागी होने का खतरा मंडरा रहा है। किसान नागूलाल मुकाती, गोपाल चौधरी, विनोद मुकाती, दिनेश पटेल ने बताया कि क्षेत्र के

### सरवन में एक घंटे मूसलधार बारिश

**सरवन।** गांव में शनिवार को एक घंटे तक तेज बारिश हुई। इससे क्षेत्र के किसान प्रसन्न हैं। मात्र अर्ली वैरायटी वाली सोयाबीन को इस वर्षा से खतरा

# हर बूथ पर 111 नमो टीका... सम्मान

रतलाम, नप्र। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 71 वां जन्मदिन यहां सेवा एवं समर्पण अभियान के रूप में मनाया जा-रहा है।

इस अभियान में जिले में नमो टीका लगवाया गया। हर बूथ पर 111 टीका लगाए जाने का का लक्ष्य रखा गया। रतलाम में चल रहे टीकाकरण अभियान दौरान विधायक चेतन्य काश्यप ने कालिका माता स्थित टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर टीका लगाने के लिए आए लोगों का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान टीकाकरण कराने आई वृद्ध महिला का सम्मान विधायक ने किया। काश्यप ने कहा कि कोरोना महामारी से बचाव के लिए टीकाकरण के बाद भी जागरूक रहना जरूरी है। आमजन मास्क का उपयोग लगातार कर कोरोना गाइड लाइन का पालन करें। जिला टीकाकरण प्रभारी गोविन्द काकानी ने बताया कि रतलाम में लक्ष्य के करीब नमो टीका लगाया है।

उन्होंने कहा कि टीकाकरण अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया, जिला उपाध्यक्ष सुनील सारस्वत, मंडल अध्यक्ष आदित्य डांगा, महामंत्री राकेश परमार, पूर्व पार्षद भगतसिंह भदौरिया, हार्दिक मेहता आदि मौजूद रहे। जिला टीकाकरण प्रभारी गोविन्द काकानी ने टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर शत प्रतिशत टीकाकरण होने पर खुशी जाहिर की।





## किसानों एवं सैनिकों का सम्मान

रतलाम। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन किसान-जवान सम्मान दिवस समारोह के रूप मे मनाया। प्रगतिशील किसानों और देश की सीमाओं के प्रहरी बलिदानी, भूतपूर्व सैनिकों, उनके परिवारजनों के 71 सदस्यों का सम्मान किया।

## तीन दिनी मोदी के जीवन पर प्रदर्शनी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर केन्द्रित प्रदर्शनी रंगोली पर लगाई। तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक चेतन्य काश्यप एवं डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय ने किया। जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय एवं निर्मल कटारिया मौजूद रहे। प्रदर्शनी प्रभारी सोमेश पालीवाल ने बताया कि देश की प्रगति एवं जनकल्याण के कामों के साथ-साथ मोदी के जीवन वृतांत का प्रदर्शन प्रदर्शनी में किया।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच राष्ट्रीय संयोजकों की टोली ने पूरे सप्ताह ओजस दिवस के रूप मनेगा। हफ्तेभर तक विविध कार्यक्रम होंगे। मंच कार्यकर्ता समाज में सेवा, जागरण, अमन, भाईचारा, एकता और एकात्मता तथा वतनी का संदेश समाज के सभी तबकों में पहुंचाने का काम करेंगे जानकारी प्रोफेसर इमरान हुसैन ने दी।

प्रभातकिरण 18/9/21

# डेंगू के डंग से आमजन परेशान, छह नए मरीज मिले

**प्रसारण न्यूज • रतलाम**

जिलों में डेंगू के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। शुक्रवार को भी एलाइजा टेस्ट की 25 रिपोर्ट में छह नए मरीज मिले, जिसमें पांच शहर के और एक सैलाना का है। पिछले 15 दिन से हालात ऐसे है, कि जिला अस्पताल में हर दिन दस मरीजों को प्लेटलेट्स चढ़ानी पड़ रही है। निजी अस्पतालों का आंकड़ा शनिवार को 25 पार था। इसके अलावा मेडिकल कालेज में भी 100 से अधिक मरीज भर्ती हैं। यहां आठ मरीजों को प्लेटलेट्स चढ़ानी पड़ी।

जिला अस्पताल के डेंगू वार्ड के सभी बेड भरे होने के साथ पुरुष-महिला मेडिकल वार्ड में जमीन पर लेटकर मरीज उपचार ले रहे हैं। बाल चिकित्सालय में भी बीमार बच्चों की संख्या बढ़ती जा रही है। यहां मौसमी बुखार के बच्चे अधिक हैं।

जिले में अब तक 315 डेंगू के मरीज मिल चुके हैं। प्रदेश में जिला तीसरे नंबर पर है। डेंगू नियंत्रण के लिए जागरूकता अभियान के साथ फीवर सर्वे और फागिंग चल रही है, इसके बावजूद रोज नए मरीज मिल रहे हैं। जिले में डेंगू के मरीजों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को भोपाल से राज्य कार्यक्रम अधिकारी हिमांशु जायसवार स्थिति का जायजा लेने आए। उन्होंने जिले में निरीक्षण किया और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से मुलाकात कर डेंगू की जांच, भर्ती मरीज एवं रिपोर्टिंग के संबंध में चर्चा की। जिला अस्पताल की सेंट्रल लैब में संचालित एलाइजा जांच का निरीक्षण कर लैब में राशनल यू आफ टेस्टिंग फिलिंग आफ रिक्विजिशन फार्म एवं राशनल यूटिलाइजेशन आफ प्लेटलेट्स के संदर्भ में जरूरी निर्देश दिए। प्रसारण - 19




## सड़कों पर गड्डों में पानी होने से मच्छरों का बड़ रहा प्रकोप

जावरा। अस्पतालों में जगह नही है, मरीज परेशान है परिवार के सभी सदस्य बेचैन हैं बीमारी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। लेकिन क्या शासन-प्रशासन में बैठे लोग पूरी तरह जागरूक है। यह प्रश्न आज हर एक के दिमाग में है। कोरोना के बाद नगर मे इन दिनों डेंगू का डर हर एक के मन में बैठा है लेकिन महत्वपूर्ण दायित्व नगरपालिका है क्योंकि सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे है बारिश का पानी इसमे इकट्ठा हो रहा है जिस कारण मच्छरों की संख्या बढ़ती जा रही हैं। अभय सुराणा ने प्रशासन मे बैठे संबंधित अधिकारियों को शीघ्र ही इस ओर ध्यान देने तथा प्राथमिकता के आधार पर गड्ढों का भराव, पानी की निकासी एवं कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव कर जनमानस को राहत प्रदान करने की अपील की है।

प्रसारण 19/9/21

# ा बरसे मेघ : इस साल पहली बार 10 सेमी खोला धोलावाड़ का एक गेट



पत्रिका मानसून

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. शहर की पेयजल व्यवस्था के मुख्य स्रोत धोलावाड़ जलाशय इस बारिश में पहली बार फुल लेवल पर भराया है। पानी की लगातार आवक बनी रहने से 18 सितंबर को पहली बार इसका एक गेट दस सेंटीमीटर खोलकर पानी का लेवल मेंटेन किया जा रहा है। बीती रात और सुबह क्षेत्र में लगातार बारिश की वजह से पानी की दोपहर में धोलावड़ डेम में पहुंचा जिससे इसका स्तर एकदम बढ़ने से गेट खोलना पड़े। सिंचाई विभाग के सहायक यंत्री एके मिश्रा ने बताया डेम में पानी की आवक पर लगातार नजर रखे हुए हैं।

धोलावाड़ जलाशय का उच्चतम लेवल 395 मीटर है। इस लेवल पर यह डेम पूरा भर जाता है। बारिश के दिनों में डेम में 394.50 मीटर पर पानी आ जाए और पानी की आवक लगातार बनी रहने की स्थिति में इसकी मानिटरिंग की जाती है। यदि लेवल तेजी से बढ़ने लगता है तो फिर डेम का एक गेट पांच या दस सेंटीमीटर खोला जाता है। इससे लेवल मेंटेन हो जाता है तो कोई बात नहीं लेकिन लेवल मेंटेन नहीं होता है और बढ़ता जाता है तो दूसरे गेट भी इतना ही खोला जाता है।

## शहर के पेयजल और सिंचाई के लिए अहम

धोलावाड़ डेम का निर्माण खासतौर से रावटी क्षेत्र में सिंचाई के लिए किया गया था। इसके बाद शहर की पेयजल की आवश्यकता को देखते हुए इससे पानी लेना शुरू किया गया तो आज यह शहर की पेयजल व्यवस्था का मुख्य आधार है। इसी डेम से रावटी क्षेत्र में सिंचाई भी की जाती है। पहली प्राथमिकता शहर की पेयजल व्यवस्था करना है। गर्मी के दिनों में धोलावाड़ से सिंचाई व पेयजल दोनों के लिए पानी लेने से इसका लेवल काफी नीचे पहुंचने पर तो जेकवेल से पानी लाते हैं।

## पिछले साल इन तारीखों में खोले गेट

| दिनांक | गेट खोले | गेट खोले का सेंटीमीटर |
|---|---|---|
| 30 अगस्त | 02 | 15-15 सेंटीमीटर |
| 31 अगस्त | 01 | 20 सेंटीमीटर |
| 07 सितंबर | 01 | 15 सेंटीमीटर |
| 10 सितंबर | 01 | 10 सेंटीमीटर |
| 20 सितंबर | 01 | 10 सेंटीमीटर |

## धोलावाड डेम पर एक नजर

| धोलावड़ की कुल ऊंचाई | पानी संग्रहण क्षमता | लोअर लेवल | अपर लेवल |
|---|---|---|---|
| 15 मीटर | 49.94 एमसीएम | 380 मीटर | 395 मीटर |

पत्रिका

पत्रिका 19/9/21

# शहर में 45+ के 100% लोगों को लगे टीके

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में कोरोना टीकाकरण ने अब रफ्तार पकड़ी है। शनिवार को 45+ की उम्र के 104.05% लोगों को टीके लग गए। 18+ के 90.52% लोगों ने वैक्सीन लगवा ली। रतलाम शहर में सभी वर्गों में अब तक 95.43% लोगों को वैक्सीन लग चुकी है।

शुक्रवार को शहर में बड़े पैमाने पर वैक्सीनेशन किया गया था। अलकापुरी और नयापुरा में रात 11 बजे तक वैक्सीनेशन जारी रहा था। शुक्रवार को जिले में कुल 43747 लोगों को वैक्सीन लगी। वहीं, रतलाम शहर में रात तक 13,900 लोगों को टीके लग गए। इसी के साथ अब तक रतलाम शहर में 45+ के 104.05% लोगों ने टीके लगवा लिए। शहर में लक्ष्य के मुकाबले 45+ के 79908 लोगों को वैक्सीन लगना थी लेकिन 83145 लोगों को टीके लग चुके हैं। वहीं 18+ के 149269 लोगों को टीके लगने थे लेकिन अब तक 135119 लोगों ने वैक्सीन लगवा ली है। जो 90.52% है।

## अब तक हुआ वैक्सीनेशन

| क्षेत्र | पहला डोज % | दूसरा डोज % |
|---|---|---|
| रतलाम शहर | 95.43 | 49.06 |
| आलोट | 89.31 | 16.30 |
| बाजना | 67.43 | 11.65 |
| जावरा | 93.11 | 22.54 |
| पिपलौदा | 76.25 | 22.58 |
| सैलाना | 80.35 | 13.51 |
| रतलाम ग्रामीण | 84.09 | 20.94 |

**3 हजार लोगों को लगे टीके :** इधर लोगों को वैक्सीन के लिए बुलाना चुनौती भरा काम हो गया है क्योंकि ज्यादातर लोग वैक्सीन लगवा चुके हैं। शनिवार को 3 हजार लोगों को वैक्सीन लगी। केंद्र पर पहुंचने वाले टीम ने ही फोन लगवाकर उनके परिचितों को बुलवाने का कहा।

दै. भास्कर 19/9/21

डेंगू : 70 घरों में मिला लार्वा नष्ट किया

# 5 नए पॉजिटिव, 320 केस हुए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में डेंगू के केस लगातार बढ़ते जा रहे हैं। शनिवार को 5 नए पॉजिटिव सामने आए हैं, इसी के साथ शहर में कुल केस 320 हो गए हैं। इधर, टीम अलग-अलग क्षेत्रों में सर्वे के लिए भी जा रही है, शनिवार को 70 घरों में लार्वा मिला। इसे नष्ट किया गया है।

जिले में अब डेंगू बेकाबू हो चुका है। इसी के साथ वायरल भी अटैक कर रहा है। ज्यादातर अस्पतालों में मरीजों की भीड़ लगी है। इधर डेंगू के मामले भी रोज सामने आ रहे हैं। शनिवार को 40 लोगों की डेंगू की जांच की गई। इसमें से 5 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। अब तक कुल 320 केस मिल चुके हैं जो सर्वाधिक है। इससे पहले 2018 में 242 मामले आए थे। शनिवार को निराला नगर, साक्षी पेट्रोल पंप के पास, 80 फीट रोड और महेश नगर में पॉजिटिव सामने आए हैं।

**मरीज बढ़ रहे :** अस्पताल में पहुंचने वाले लोगों में सबसे ज्यादा वायरल और डेंगू के ही मामले हैं। जिला अस्पताल और बाल चिकित्सालय में बेड की हालत फुल है।

दै. भास्कर 19/9/21

# एक दिन में 28 लाख से अधिक को टीका लगाकर बनाया रिकार्ड

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। मध्य प्रदेश ने 17 सितंबर को एक दिन में 28 लाख से अधिक लोगों को कोरोना टीका लगाकर फिर से नया रिकार्ड बनाया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने टीकाकरण महाअभियान-3 में मिली रिकार्ड उपलब्धि के लिए जनप्रतिनिधियों, प्रशासन, डाक्टरों, स्वास्थ्यकर्मियों, स्वयं सेवी संस्थाओं और नागरिकों का आभार माना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि 26 सितंबर तक प्रत्येक पात्र व्यक्ति को टीका की पहली डोज लग जाए। प्रदेश के जनभागीदारी फार्मूले से टीकाकरण महाअभियान-तीन को सफलता मिली। सभी टीकाकरण केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं के कारण प्रदेश में रिकार्ड टीकाकरण हुआ। लोग स्वप्रेरणा से आगे आए और महाअभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा केंद्र पर लाने और ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था की गई। अनेक क्षेत्रों में बुजुर्गों और दिव्यांगजनों ने प्रेरक की भूमिका अदा की। संपूर्ण प्रदेश में टीकाकरण महाअभियान में जो सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ है, उसमें समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी अहम रही है।

नईदुनिया 19/9/21

### डेंगू : शनिवार को 40 रिपोर्ट में पांच नए मरीज, 70 घरों में लार्वा मिला

# निजी और सरकारी जांच में 800 मरीज

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिलों में डेंगू के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। शनिवार को भी एलाइजा टेस्ट की चालीस रिपोर्ट में पांच नए मरीज मिले हैं। अब संख्या बढ़कर 320 पहुंच गई, जो पिछले एक साल में मिले 42 मरीजों की तुलना में सात गुना से अधिक है। इसके साथ जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज और निजी अस्पतालों में किट जांच रिपोर्ट में भी शनिवार को तीस से अधिक मरीज सामने आए हैं, जिनका उपचार शुरु हो गया है। एलाइजा टेस्ट रिपोर्ट के साथ यदि किट जांच के मरीजों की संख्या शामिल कर दी जाए तो आंकड़ा 800 पार पहुंच गया है।

एलाइजा टेस्ट में पाजिटिव मिले मरीजों में अब तक 276 स्वस्थ हो गए हैं। इधर बचाव के लिए शहर के चार वार्डों में 467 घरों का सर्वे किया गया। इस दौरान 70 घरो में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया और लोगों बचाव के उपाय भी बताए गए। लगातार सर्वे के साथ फागिंग भी की जा रही है, लेकिन मरीजों का आंकड़ा अभी भी तेजी से बढ़ रहा है।



मलेरिया व डेंगू की रोकथाम के लिए दवा का छिड़काव करते हुए कर्मचारी। ● नईदुनिया

**बेड फुल, प्लेटलेट्स की मांग बढ़ी**

सरकारी अस्पताल के साथ निजी अस्पतालों में मरीजों को खाली बेड नहीं मिल रहे हैं। मानव सेवा समिति कार्यालय पर प्लेटलेट्स के लिए लंबी कतार लग रही है। शनिवार को भी चालीस से अधिक लोग ब्लड एवं प्लेटलेट्स के लिए पहुंचे और लगातार लोग संपर्क भी कर रहे हैं। 15 दिन से लगातार की प्लेटलेट्स की मांग तेजी से बढ़ रही है।

**मौसमी बीमारियां फैल रही**

जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि शनिवार को पांच नए मरीज मिले हैं और इस साल का मौसम ऐसा है कि मौसमी बीमारी तेजी से बढ़ रही है। उसी का एक रूप डेंगू है, जो इस बार अधिक फैल रहा है। लोगों को भी इसका ध्यान रखना होगा कि मच्छरों से बचाव कैसे करना है। बचाव के उपाय पर सभी अमल करें तो बीमारी पर जल्दी कंट्रोल होगा।

### डेंगू से लड़ने के लिए चलाया अभियान, प्रशासन का सहयोग करने के लिए युवाओं की टीम तैयारियों में जुटी

सैलाना। कोरोना को मात देने में प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करने वाली युवाओं की एक टीम अब डेंगू से भी लड़ने की तैयारियों में जुट गई है। बिना किसी संस्था के बैनर तले चार युवाओं जलज चंडालिया, बिट्टू ठाकुर, विनय ग्वाले, सौरभ रांका ने सभी ब्लड ग्रुप के वाट्सएप ग्रुप बनाकर कई लोगों को इससे जोड़ा है, ताकि जरूरत पड़ने पर डेंगू के मरीजों के लिए रक्त की व्यवस्था हो सके।

सभी ग्रुपों के एडमिन जलज चंडालिया ने बताया कि एक मैसेज बनाकर हमने



इंटरनेट मीडिया पर वायरल किया कि जिसका जो भी ब्लड ग्रुप हो वो उस वाट्सएप ग्रुप से जुड़ जाए, ताकि जरूरत पड़ने पर डेंगू के मरीज को रक्त पहुंचाया जा सके। जलज ने बताया कि जरूरतमंद कहीं भी किसी भी हास्पिटल में हो, चाहे रतलाम या इंदौर हमारी पूरी कोशिश उस तक रक्त भिजवाने की रहेगी।

**इतने सदस्य जुड़े हैं वाट्सएप ग्रुप से**

जलज ने बताया कि अब तक बी ग्रुप में 39, बी प्लस ग्रुप में 74, ए प्लस ग्रुप में 50, ओ प्लस ग्रुप में 84, ओ ग्रुप में 40, एबी प्लस ग्रुप में 40, ए ग्रुप में 28, व एबी माइनस में 19 लोग जुड़े हैं। जलज ने बताया कि बीते चार दिनों में अब तक 11 मरीजों को 14 यूनिट रक्त उपलब्ध कराया जा चुका है।



सैलाना में रक्तदान करता युवा। ● नईदुनिया

नईदुनिया

नईदुनिया 19/9/21

## छोटी खबरें
## बड़ी खबरें

### लोकेंद्र भवन के पास पाइप लाइन टूटी

रतलाम. दो बत्ती क्षेत्र से मित्र निवास रोड तक बन रहे सिटी फोरलेन निर्माण के दौरान नगर निगम के पेयजल पाइप लाइन टूट गई। इसके अलावा सीवरेज कार्य के दौरान पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई इससे शहर के कई क्षेत्रों में शनिवार को देरी से पेयजल वितरण हुआ। नगर निगम के आला अधिकारियों ने बताया पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के चलते थावरिया बाजार क्षेत्र की पेयजल टंकी से तय समय 7 के मुकाबले सुबह 9.30 बजे से पेयजल वितरण किया गया। इसी प्रकार महावीर नगर टंकी से शाम को 5 से 8 बजे तक पेयजल वितरण किया गया। असल में इन क्षेत्र में पेयजल टंकी भरने में समय लगा। इसके चलते देरी से पेयजल वितरण कार्य हुआ। लोकेंद्र भवन रोड पर सड़क निर्माण के समय पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से स्टेशन रोड, टीआई टी रोड, गीता मंदिर रोड, फ्रीगंज रोड क्षेत्र में दोपहर 11 से 12 के मध्य पेयजल वितरण कार्य हुआ।

पत्रिका 19/9/21

### रोजगार मेले में 72 आवेदकों को आफर लेटर प्रदान किए गए



रतलाम। जिला प्रशासन एवं म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जनपद पंचायत सैलाना में विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेला गत दिवस आयोजित किया गया। रोजगार मेले में 85 बेरोजगार आवेदकों ने पंजीयन करवाया था। इस अवसर पर कौशल एवं रोजगार जिला प्रबंधक अमरसिंह तोमर, दीपिका ठाकुर, गोपाल रावत, पवन वैष्णव, मनीष डामोर एवं वसुनिया उपस्थित थे। श्री तोमर ने बताया कि रोजगार मेले में प्रदेश की पांच कम्पनियों ने 72 आवेदकों का चयन कर उन्हें आफर लेटर प्रदान किए गए। मेले में कासमोस ग्रुप राजकोट (गुजरात) की कम्पनी ने 17, टाईगर सिक्युरिटी रतलाम ने 38, मोदी केयर रतलाम ने 10 तथा राज स्टील सैलाना ने 7 बेरोजगारों का चयन कर उन्हें रोजगार प्रदान किया है। 6 आवेदकों का ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी में प्रशिक्षण हेतु चयन किया गया है।

प्रसारण 19/9/21